# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा (टर्म-1) (2017-2018)

**कक्षा : 4 (चौथी) विषय : हिंदी समय: 3 घंटा पूर्णांकः 80**

**नाम: ...................................... वर्ग: ... अनुक्रमांक : ............ दिनांक: ......**

**विद्यालय का नाम: ..........................................................................................**

**निरीक्षक के हस्ताक्षरः ...................परीक्षक के हस्ताक्षरः.............................**

**जांचकर्ता के हस्ताक्षर: .................. प्राप्तांक :**

---

प्रश्न-1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

जब पापा कुत्ते के पास जाकर बैठ गए | उसी वक्त एक अजनबी फ़ौजी अफ़सर उधर से निकला | वह खड़ा होकर पापा को देखने लगा | वह उन्हें कुछ देर तक देखता रहा और फिर उससे पूछा , " यह तुम क्या कर रहे हो ? "

पापा ने जवाब दिया , "मैं कुत्ता बनना सीख रहा हूँ |" तब फ़ौजी ने पूछा , " तुम कुत्ता बनना क्यों चाहते हो ?" पापा ने कहा , " क्योंकि मैं काफ़ी दिन तक इंसान बनकर रह चुका हूँ | अफ़सर ने कहा, "बात तो सही है |" पर क्या तुम जानते भी हो कि इंसान किसे कहते हैं ?

पापा ने पूछा , " मुझे तो नहीं पता | आप ही बता दीजिए | " अफ़सर ने कहा , " इसके बारे में तुम अपने आप सोचो | " अफ़सर वहाँ से चला गया | वह न तो हँसा न मुस्कराया | पापा सोचने लगे | वह सोचते ही रहे | अफ़सर ने उन्हें कोई बात भी नहीं समझाई थी पर अचानक ही यह बात पापा के समझ में आ गई कि वह रोज़ - रोज़ अपना इरादा नहीं बदल सकते | अगली बार जब उनसे यही सवाल पूछा गया तो उन्हें अफ़सर की याद आ गई , और उन्होंने कहा , " मैं इंसान बनना चाहता हूँ | "

**P.T.O**

1- पापा किसके पास जाकर बैठ गए ? 1

---------------------------------------------------------------------------------

2- अजनबी फ़ौजी खड़ा होकर किसे देखने लगा ? 1

---------------------------------------------------------------------------------

3- पापा क्या बनना सीख रहे थे ? 1

---------------------------------------------------------------------------------

4- पापा को अचानक क्या बात समझ में आ गई ? 1

---------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------

5- सही विकल्प पर सही का निशान लगाओ |

क- पापा काफ़ी दिनों तक क्या बनकर देख चुके थे ? 1

(क) बिल्ली (ख) कुत्ता (ग) इंसान (घ) चौकीदार

ख- पापा की बात पर कौन न हँसा न मुस्कराया ? 1

(क) अफ़सर (ख) पिता (ग) माता (घ) दोस्त

6- विपरीत अर्थ लिखो - 2

जवाब X ------------------- दिन X -----------------

7- शब्दों के समान अर्थ लिखो - 2

वक्त - --------------------- सीख - ----------------------

प्रश्न-2 अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो-

खाकी वर्दी पहने, थैला लटकाए यह सुबह-शाम गली मोहल्ले का चक्कर लगाता है | उसका थैला चिट्ठियों, मनी आर्डरों और पार्सलों से भरा रहता है , जो

देश-विदेश से प्राप्त हुए हैं | वह उन्हें घर - घर जाकर बाँटता है | अपने संबंधियों से पत्र प्राप्त कर लोग अत्यंत प्रसन्न होते हैं | इसलिए सुबह - शाम वे उसकी बाट जोहते हैं | बताओ यह , घर बैठे सुविधा और प्रसन्नता देने वाला व्यक्ति कौन है? यह है आपका प्यारा डाकिया |

डाकिया एक सरकारी कर्मचारी है , जो गर्मी - सर्दी , बारिश - तूफ़ान हर हाल में अपने काम पर तैनात रहता है | देश - विदेश . नगर - ग्राम से प्राप्त डाक की सामग्री को डाक बाबू क्षेत्र के हिसाब से छाँट कर डाकिए को सौंपता है | डाकिया अपने क्षेत्र के सामान पर लिखा नाम पता पढ़ कर उसे घर - घर पहुँचाता है | गाँवों में तो यह काम बहुत कठिन है | जहाँ सड़कें नहीं बनी हैं वहाँ उन्हें साइकिलें दी जा रही हैं |

आज संचार , प्रचार और प्रसार के नित नए माध्यम खोजे जा रहे हैं - जैसे टेलीफोन , मोबाइल और कंप्यूटर आदि |

1- खाकी वर्दी पहने सुबह - शाम गली मोहल्ले का चक्कर कौन लगाता है ? 1

-----------------------------------------------------------------------------------

2- उसका थैला किस चीज से भरा रहता है ? 1

-----------------------------------------------------------------------------------

3- बताओ यह , घर बैठे सुविधा और प्रसन्नता देने वाला व्यक्ति कौन है ? 1

-----------------------------------------------------------------------------------

4- जहाँ सड़कें नहीं बनी हैं वहाँ डाकिया को क्या दी जा रही हैं ? 1

-----------------------------------------------------------------------------------

5- संचार और प्रसार के कौन - कौन से साधन आ गए हैं ? 1

-----------------------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

6- उदाहरण के अनुसार मिले - जुले  दो शब्दों को ढूँढ़ कर लिखो - 2

उदाहरण - सुबह - शाम

------------------------------ ---------------------------

7- विपरीत अर्थ लिखो - 2

प्रसन्नता -- ------------------- सुविधा - -----------------

8- वाक्य बनाओ - 1

सामग्री - --------------------------------------------------------------------

प्रश्न-3 सही विकल्प पर सही का निशान लगाओ | 1 x 5 = 5

1- बादल क्या बनकर नदी - नालों में बाढ़ लाते हैं ?

(क) रिधी (ख) ज़िद्दी (ग) कोमल (घ) कठोर

2- बादशाह अकबर किस मंत्री को पसंद करते थे ?

(क) ख्वाजा साहब (ख) जमाल साहब (ग) बीरबल (घ) हलीम साहब

3- दिनेश कौन - सी किताब पढ़ रहा था ?

(क) कविता (ख) कहानी (ग) लेख (घ) निबंध

4- शुरू - शुरू में पापा क्या बनना चाहते थे ?

(क) चौकीदार (ख) कुत्ता (ग) माली (घ) सिपाही

5- अचकन कैसी थी ?

(क) लाल (ख) पीली (ग) नीली (घ) भड़कीली

प्रश्न-4 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो -

क - साल के किन - किन महीनों में ज़्यादा बादल छाते हैं ? 2

-----------------------------------------------------------------------------------

ख - दिनेश की माँ कौन - सी मशीन चला रही थी ? 2

--------------------------------------------------------------------------------------

ग - कविता के अनुसार किसकी गुल्लक भारी है ? 2

--------------------------------------------------------------------------------------

घ - बहन भैया से क्या बनवाना चाहती है ? 2

--------------------------------------------------------------------------------------

च - पापा ने जितने काम सोचे , उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन - सा लगता है ? 2

--------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न-5

क - कविता के अनुसार अधूरे शब्दों को पूरा करो - 1 X 15 = 15

म ------------------ तू ---------------- शै --------------------

ख - शब्दों के समान अर्थ लिखो |

अभिमान = ----------------- विश्वास = -----------------

ग - जिस इमारत में तीन मंज़िलें हों उसे तिमंज़िली इमारत कहते हैं बताओ , इन्हें क्या कहेंगे ?

जिस स्कूटर में दो पहिए हों - ---------------------------

जिस झंडे में तीन रंग हों - ---------------------------

घ - पापा के पापा को दादा कहते हैं | इन्हें तुम अपने घर में क्या कहकर बुलाओगे ?

पापा की माँ - --------------- माँ की बहन - ---------------

**P.T.O**

च - सीताफल की बेल होती है और भिंडी का पौधा | बताओ और कौन - कौन सी सब्ज़ियाँ बेल और पौधे पर लगती हैं ?

बेल - ------------------- ------------------

पौधा - ------------------- -----------------

छ - सरकंडे से बनने वाली दो चीज़ों के नाम लिखो:-

------------------------ ---------------------

प्रश्न-6 मान लो तुम्हारा खिलौना घर में कहीं खो गया है | तुमने अपने साथियों को घर पर बुलाया है ताकि सब मिलकर उसे खोज लें | तुम अपने खिलौने की पहचान के लिए अपने साथियों को कौन - कौन सी बातें बताओगे | एक अनुच्छेद में उत्तर लिखो - 5

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न-7 दिए गए चित्र के बारे में पाँच वाक्य लिखो - 5



------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

प्रश्न-8 नसीरूद्दीन के बारे में पाँच वाक्यों का एक अनुच्छेद लिखो :- 5

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न-9 अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करो : - 1 x 2 = 2

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
| --- | --- |
| मूलाकात | ------------------- |
| कोशीश | ------------------ |

प्रश्न-10 तुक मिलाओ 1 x 2 = 2

पड़ेगा - --------------- चढ़ती - --------------

प्रश्न-11 वाक्य शुद्ध करो :- 1 x 2 = 2

क - फिर हो गए नाराज़ जमाल साहब |

--------------------------------------------------------------------------

ख - पापा बनना चाहते थे शुरू - शुरू में चौकीदार |

--------------------------------------------------------------------------

प्रश्न-12 नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो | 1 x 2 = 2

**सचमुच**

क - ------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------

**दोस्त**

ख - ------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न-13 मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो:- 1 x 2 = 2

**नाक भौंह सिकोड़ना**

क - ------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------

**कलई खुलना**

ख - ------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

प्रश्न-14 सुलेख लिखो:- 5

सुनीता कुछ सोचने लगी | उसने अपनी पहिया कुर्सी आगे की ओर खिसकाई | अमित भी साथ - साथ चलने लगा |

सड़क पार करते समय सुनीता को फ़रीदा फिर नज़र आई | इस बार फ़रीदा ने कोई सवाल नहीं पूछा | अमित झट से सुनीता की पहिया कुर्सी के पीछे चढ़ गया | फिर दोनों पहिया - कुर्सी पर सवार होकर तेज़ी से सड़क पर आगे बढ़े | फ़रीदा भी उनके साथ - साथ दौड़ी | इस बार भी लोगों ने उन्हें घूरा परंतु अब सुनीता को उनकी कोई परवाह नहीं थी |

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------